अनमोल भजन संग्रह

अनमोल भजन संग्रह

अनुक्रमणिका

।। ॐ गुरू।।

भजन - बरसेगा बरसेगा

हरि हरि ओम हरि हरि ओम

बरसेगा बरसेगा महाराज अमृत बरसेगा
कर लो गुरू से प्यार अमृत बरसेगा
कर लो बापू से प्यार अमृत बरसेगा
कर लो सांई से प्यार अमृत बरसेगा
सुबह और शाम तेरा ध्यान लगांउ
सर्वं तेरा दर्शन पाउं
भक्ति का दे दो वरदान अमृत बरसेगा
जनम जनम से मैं अज्ञानीं, आप गुरू हो ब्रह्मज्ञानीं
आप गुरू हो अंर्तयामीं, दे दो हमें ब्रह्मज्ञान अमृत बरसेगा
बरसेगा बरसेगा महाराज अमृत बरसेगा
कर लो सांई से प्यार अमृत बरसेगा
माता पिंता सदगुरू हो मेरे
जनम जनम से आप हो मेरे
आया हूं तेरे द्वार अमृत बरसेगा
गुरू कीं सेवा तू क्या जाने
मुठीं मनवा क्या पहचाने
करता वो भव से पार अमृत बरसेगा
कर लो सांई से प्यार अमृत बरसेगा
बरसेगा बरसेगा महाराज अमृत बरसेगा

हरि हरि ओम हरि हरि ओम

गुरू की सेवा करने की उत्कण्ठा एवं लगन शिष्य में होनी चाहिए।

|| ॐ गुरू ||

भजन - बीती जाए रे उमरिया भजन बिना

बीती जाए रे उमरिया भजन बिना
हरि भजन बिना प्रभु भजन बिना
बीती जाए रे उमरिया भजन बिना
बालापन खेलन में खोवो कियो बड़ी नादानी
आये जवानी की मनमानी चाल चले मस्तानी
सीधी चले ना डगरिया भजन बिना
हरि भजन बिना प्रभु भजन बिना
बीती जाए रे उमरिया भजन बिना
मनचाही शादी कर बेटा बहू ब्याह कर लाए
हाथ पकड़कर चले अकड़कर कुल मर्यादा गंवाए
घुमे शहर और बजरिया भजन बिना
हरि भजन बिना प्रभु भजन बिना
बीती जाए रे उमरिया भजन बिना
चंद रोज में बेटा बेटी ससुर दामाद कहाये
बेटा से बन गये बाप फिर बाबा का नंबर आये
झुक गयी बाबा की कमरिया भजन बिना
हरि भजन बिना प्रभु भजन बिना
बीती जाए रे उमरिया भजन बिना
एक दिन रामनाम सत् हो गया होगयी खत्म कहानी
सगे संबंधी रोये बाबा बोल सके ना वाणी
बंद हो गयी रे नजरिया भजन बिना
हरि भजन बिना प्रभु भजन बिना
बीती जाए रे उमरिया भजन बिना

ईश्वर के सिवाय कहीं भी मन लगाया तो अंत में ही रोना ही पड़ेगा।

|| ॐ गुरू ||

भजन - भज मन राम राम राम

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ
झुठी जग की सारी माया कोई काम ना तेरे आया
जिसने नाम प्रभु का गाया वो भवसिंधु से तर पाया
भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम
ना माया मोह में फंसना यहाँ कोई नहीं अपना
अरे इस दुनिया में ना कोई किसी का साथी होता है
भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम
जगत में एक ही सत है वहीं ईश्वर कहाता है
साथ जब उसका हो जाए तभी सत्संग होता है
भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम
ये ऐसा औषधालय है दूर हो व्याधिया मन की
यहीं सबसे कठीन भवरोग का उपचार होता है
भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम
ये सत्संग तेज फूलों की यहा मन तृप्त हो जाता
यहीं मन शांत होता हो जाता प्रभु से प्यार हो जाता
भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम
ये सत्संग गंगा है जो पाप जन्मों के धो देतीं
बिना साबुन बिना पानी यहा मन साफ होता है
भज मन राम राम राम मेरे राम राम राम

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

यदि जंगल में आग लग जाये और तुम सरोवर के बीच आकर खड़े हो जाओ तो जंगल की आग तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे ही राग-द्वेष, ईर्ष्या-घृणा, दुख-संतापरूपी संसारी आग तुम्हें सताये तो तुम आत्मज्ञानरूपी सरोवर में आ जाओ।

।। ॐ गुरू ।।

भजन - भज नारायण भज नारायण

भज नारायण भज नारायण नारायण भज मूढ़ मते
भज नारायण भज नारायण नारायण भज मूढ़ मते
भज गोविंदम भज गोविंदम गोविंदम भज मूढ़ मते
भज गोविंदम भज गोविंदम गोविंदम भज मूढ़ मते
भज नारायण भज नारायण नारायण भज मूढ़ मते
बाल वयस्क सब खेल गवायीं तब तो रहा नहीं कुछ ज्ञान
तरूणावस्था की मादकता में केवल तरूणी का ध्यान
वृदध भए तब रात दिवस है नाना चिंता औ का गान
दुर्लभ मानव तन पाकर के किया ना परमेश्वर का ध्यान
भज गोविंदम भज गोविंदम गोविंदम भज मूढ़ मते
भज नारायण भज नारायण नारायण भज मूढ़ मते
जनम मरण में इस बंधन में हो न सकेगा यू उदधार
जब तक तू आसक्त स्वार्थवश करता जग से ममता प्यार
इस दुष्कर माया से मानव तब तेरा होगा निस्तार
जब मायापति परमेश्वर को सौंप चुकेगा जीवन भार
भज गोविंदम भज गोविंदम गोविंदम भज मूढ़ मते
भज नारायण भज नारायण नारायण भज मूढ़ मते

pnek dk LoHkko g pknuh nuk] xjM dk LoHkko g
feBk l] cQ dk LoHkko 'khryrk] ,l gh Hkxoku vkj
Hkxoku d l;kj lrk dk LoHkko g tho dk dY;k.kA

|| ॐ गुरू ||

राधे
कृष्ण

भजन - भक्तों के भगवान के बार बार वंदना

भक्तों के भगवान को बार बार वंदना, बार बार वंदना हजार वंदना
राधा के श्याम को बार बार वंदना, सीता के राम को बार बार वंदना
सदगुरूदेव को बार बार वंदना
ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ
सदगुरू भगवान हमें शरणागति देना, शरणागति देना अनन्य भक्ति देना
ब्रह्म से हो प्यार हमें ऐसी मति देना, ॐ हरि ॐ
नाम का सहारा देना, चरणों में गुजारा देना, वासना को दूर कर उपासना भरपूर देना
सदगुरू भगवान हमें शरणागति देना, प्रभु से हो प्यार हमें ऐसी मति देना
ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ
चरणों का प्रेम देना पूजा नितनेम देना, मन में विश्वास देना दिल में प्रकाश देना
तेरे हीं चरणों में श्रद्धा बढ़ा देना, सदगुरू भगवान हमें शरणागति देना
ब्रह्म से हो प्यार हमे ऐसी मति देना
ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ
जैसे माँ के प्यार बिना बालक अनाथ, वैसे गुरू ज्ञान बिना जीव भी अनाथ है
सदगुरू भगवान हमें शरणागति देना, प्रभु से हो प्यार हमें ऐसी मति देना
ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ
चरणों का ध्यान देना गीता का ज्ञान देना वेदो का ज्ञान देना भक्ति का दान देना
तेरे बिना कौन मेरा अपना बना लेना सदगुरू भगवान हमें शरणागति देना
प्रभु से हो प्यार हमें ऐसी मति देना
ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ
राम बनके तुमने अहिल्या को तारा, सारथी बनके अर्जुन के रथ को संभाला
मीरा के जहर को अमृत बनाया, खंभे से प्रकट हो प्रहलाद को बचाया
ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ ॐ हरि ॐ

सदगुरू जैसा प्रेमपूर्ण, कृपालु, हितचिंतक,
विश्वभर में दूसरा कोई नहीं है।

राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण

।। ॐ गुरू।।

भजन - भारत के नौजवानों

भारत के नौजवानों भारत को दिव्य बनाना...2
तुम्हें प्यार करे जग सारा तुम ऐसा बन दिखलाना...2
जो लिखा है सद्ग्रंथों में जो कुछ भी कहा संतो ने...2
उसकों जीवन में लाना वैसा हीं बन दिखलाना...2
भारत के नौजवानों भारत को दिव्य बनाना...2
तुम पुरूषार्थ तो करना पर नेक राह पर चलना...2
सज्जन का संग हीं करना दुर्जन से बचके रहना...2
भारत के नौजवानों भारत को दिव्य बनाना...2
जींवन अनमोल मिला है तुम मौके को मत खोना...2
यदि भटक गये इस जग में जन्मों तक पड़ेगा रोना...2
भारत के नौजवानों भारत को दिव्य बनाना...2

जहाजों से जो टकराए उसे तूफान कहते है, तूफानों से टकराये उसे भारत का युवान कहते हैं।

|| ॐ गुरू ||

भजन - भूल न जाउ तुम्हें कहीं

भूल ना जाउं तुम्हें कहीं ये विनंती बारंबार
ये विनंती बारंबार ये विनंती बारंबार
कभी ना होता बंद किसी के लिए तुम्हारा द्वार
ना बंद तुम्हारा द्वार ना बंद तुम्हारा द्वार
भूल ना जाउं तुम्हें कहीं ये विनंती बारंबार
मोह नींद से जगा हमें कर्तव्य मार्ग दिखलाया
जो भवबंधन का कारण है भलीभांति समझाया
सतपरमार्थ सुपथ में चलने का उत्साह बढ़ाया
कितनी बार संभाला हमको गिरते हुए बचाया
भूल ना जाउं तुम्हें कहीं ये विनंती बारंबार
तीरथ गये पर सदगुरू का सत्संग नहीं मिल पाया
गंगा जल में तन धोने से मिटी ना ममता माया
ज्ञान भक्ति वैराग्य हदय में जब तक नहीं समाया
तब तक जो कुछ किया व्यर्थ श्रम कुछ फिर हाथ ना आया
हम भक्तों के लिए सुलभ है गुरू नाम आधार
गुरू नाम आधार गुरू नाम आधार
भूल ना जाउं तुम्हें कहीं ये विनंती बारंबार
ये विनंती बारंबार ये विनंती बारंबार

गुरू आज्ञा दृढ़ कर ग्रहे
गुरूमत सहजो चाल।
रोम रोम गुरू को रटे
सो शिष्य होय निहाल।।

|| ॐ गुरू ||

भजन - छोटी सी जिंदगी

शिव राम शिव राम

छोटी सी जिंदगी करना बड़ा काम
ज्ञान सिखावे सदगुरू भगवान
भोगी बनकर जींना नहीं बड़ी बाता
योगी बनावे सदगुरू भगवान
हो... हमें योगी बनावे सदगुरू भगवान
छोटी सी जिंदगी करना बड़ा काम
पेट अपना भरना नहीं बड़ी बात
परहित सिखावे सदगुरू भगवान
हो... हमे मुक्त बनावे सदगुरू भगवान
छोटी सी जिंदगी करना बड़ा काम
बाहर जिसको ढुंढे दुनिया तमाम
मन में दिखावे सदगुरू भगवान
हो... हमे मन में दिखावे सदगुरू भगवान
छोटी सी जिंदगी करना बड़ा काम
प्रभु दर्शन करना नहीं बड़ी बात
दर्शन कराये सदगुरू भगवान
हो... दर्शन करावे सदगुरू भगवान

शिव राम शिव राम

जो भक्तिभावपूर्वक गुरू की सेवा करता है वह जीवन के परम तत्व को प्राप्त करता है।

||ॐ गुरु||

भजन - दर्शन दे दो मेरे भगवन्ता

अपने से गलती हो तो भूलो मत, प्रायश्चित्त करों और दूसरे से गलती हो जाय तो बिल्कुल भूल जाओ कि इसने गलती की है।

दर्शन दे दो मेरे भगवन्ता।
　　कोमल सरल स्वभाव तुम्हारा।
भरता है मन में प्रेम अपारा।
　　तेरे दर्शन से मिले है प्रसन्नता।
दर्शन दे दो मेरे...................
　　तपोनिष्ठ वेदों के ज्ञानी।
ब्रह्मनिष्ठ तुम अंतर्यामी।
　　तुमसा नहीं कोई है दयावन्ता।
दर्शन दे दो मेरे...................
　　कलियुग में अवतार तुम्ही हों।
भक्तों का करते उद्धार तुम्हीं हों।
　　तुमसा नहीं कोई है कृपावन्ता।
दर्शन दे दो मेरे...................
तेरी लीला जग से न्यारी।
　　शोभित है तुमसे सृष्टि सारी।
बिगड़े से बिगड़ा है यहॉं बनता।
　　दर्शन दे दो मेरे...................
निराकार साकार तुम्ही हो।
　　हम सबके आधार तुम्ही हों।
सबमें छिपी है तेरी चिद्धन्ता।
　　दर्शन दे दो मेरे...................
हे दयावन्ता, हे कृपावन्ता

|| ॐ गुरू ||

भजन - देखो किसने क्या पाया

देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
आनेवाले को देखो क्या लेकर वे आते है
जानेवाले को देखो क्या संग लेकर जाते है
कुछ पुण्य किये यह यू ही नरतन व्यर्थ गंवाया
देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया
उस लोभी को भी देखो संचय का जिसे व्यसन है
कितनी ही संपत्ति जोड़ी पर तृप्त न होता मन है
कौड़ी न साथ जाएगी फिर किसके लिये कमाया
देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया
उस मोही को भी देखो सब की ममता ये फूल
निज देख गेह में फंसकर उस परमेश्वर को भुला
यह मोह दुखो की जड़ है इसने किसको न रूलाया
देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया
उस अभिमानी को देखो यह विभव रहेगा कबतक
उससे भी बढ़कर जगमें हो गये करोड़ो अबतक
मिट्टी में मिल गयी उनकी जो दर्शनीय थी काया
देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया
उस दानी को भी देखो जितना बोता जाता है
वह कई गुना बढ़कर ही उसके सन्मुख आता है
जिसने जितना दे डाला उतना ही लाभ उठाया
देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया
उस त्यागी को भी देखो, जो दुखद दोष को तजकर
निर्द्वन्द्व शांती पाता है सत् परमेश्वर को भजकर
योगी ने राग बढ़ाया त्यागी ने प्रेम अपनाया
देखो किसने क्या पाया मानव क्यों जग में आया

गुरू की सेवा, गुरू की आज्ञा का पालन, गुरू की पूजा और गुरू का ध्यान - ये चीजें बहुत महत्वपूर्ण हैं। शिष्य के लिए आचरण करने योग्य उत्तम चीजें है।

|| ॐ गुरू ||

भजन - एक झोली में फूल भरे है

ॐ नमः शिवाय

एक झोली में फूल भरे हैं एक झोली में कांटे
कोई कारण होगा
तेरे बस में कुछ भी नहीं है ये तो बांटने वाला बाटे
अरे कोई कारण होगा
पहले बनतीं है तकदीरे फिर बनते है शरीर
ऐ तो प्रभु की कारीगरी है तू क्यूं हैं गंभीर
अरे कोई कारण होगा
नाग भीं डस ले तो मिल जाए किसीं को जीवनदान
चींटी से भीं मिट सकता है किसीं का नामोनिशान
अरे कोई कारण होगा
धन का बिस्तर मिल जाए पर नींद को तरसे नैन
कांटो पर भीं सो कर आए किसीं के मन को चैन
अरे कोई कारण होगा
सागर से भीं बुझ सकता नहीं कभी किसीं की प्यास
कभीं एक बुंद से हो जातीं है पूरण प्यास
अरे कोई कारण होगा
एक झोलीं में फूल भरे हैं एक झोलीं में कांटे
कोई कारण होगा
तेरे बस में कुछ भीं नहीं है ये तो बांटने वाला बाटे
अरे कोई कारण होगा

शिष्य जब गुरू के पास रहकर अभ्यास करता हो तब उसके कान श्रवण के लिए तत्पर होने चाहिए। वह जब गुरू की सेवा करता हो तब उसकी दृष्टि सावधान होनी चाहिए।

|| ॐ गुरू ||

भजन - एक तुम ही आधार

एक तुम ही आधार सदगुरू... 2
जब तक मिलो न तुम जींवन में... 2
शांति कहॉ मिल सकती मन में... 2
खोजत फिरे संसार सदगुरू... 2
एक तुम ही आधार सदगुरू... 2
कितना भी हो तारणहारा... 2
लिया न जब तक शरण सहारा... 2
हो न सका वो पार सदगुरू ... 2
एक तुम ही आधार सदगुरू... 2
हे प्रभु तुम ही विविध रूपों से... 2
हमें बचाते दुख कुपो से... 2
ऐसे परम उदार सदगुरू... 2
एक तुम ही आधार सदगुरू... 2
हम आए शरण तुम्हारी... 2
अब उद्धार करों दुखहारी... 2
सुन लो मेरी पुकार सदगुरू... 2
एक तुम ही आधार सदगुरू... 2

ब्रह्मनिष्ठ गुरू के चरणकमलों के सान्निध्य में जाने के लिए कला, विज्ञान या विद्वता कुछ भी आवश्यक नहीं है। आवश्यकता है केवल उनके प्रति प्रेम और भक्ति से पूर्ण हृदय की, जो फल की अपेक्षा से रहित हो, केवल उनमें ही निरत रहने के संकल्पवाला हो, केवल उनके ही कार्य में लगा हुआ हो, केवल उनके ही प्रेम में मग्न रहनेवाला हो।

गुरू को सम्पूर्ण, बिनशर्ती आत्मसमर्पण करने से अचूक गुरूभक्ति प्राप्त होती है।

|| ॐ गुरू ||

भजन - गोविंद गोविंद कृष्णा कृष्णा

गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला

गोविंद गोविंद कृष्णा कृष्णा बोल ले
हरि नाम की चाबी से हदय के पट खोल ले
गोविंद गोविंद कृष्णा कृष्णा बोल ले
खैर हुआ जो अब तक उसका पश्चाताप ना कर
सदगुरू के शरणागत होकर हो जा निश्चिंत और निडर
अपनी जिंदगानी में तू नाम अमृत घोल ले
गोविंद गोविंद कृष्णा कृष्णा बोल ले
गोविंदा गोपाला......
इसके बाद तुझे अपना विषयों से राग हटाना है
त्याग तपस्या नियम से गुरू के अनुकुल बन जाना है
फिर तेरे प्रति सारा जमाना चाहे कुछ भी बोल ले
गोविंद गोविंद कृष्णा कृष्णा बोल ले
ध्यान धारणा नित्य स्तुति सारा जीवन करनी है
क्योंकि तुझको भवसागर से पार खुद को करनी है
सस्ता है मार्ग ये सबसे चाहे तराजु तोल ले
गोविंद गोविंद कृष्णा कृष्णा बोल ले
सतनाम वाहयगुरू सतनाम वाहयगुरू सतनाम वाहयगुरू

गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला

सदगुरू के साथ एक क्षण किया हुआ सत्संग लाखों वर्षों के तप से अनंत गुना श्रेष्ठ है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - गोविंद मेरो है

गोविंद मेरो है गोपाल मेरो है
वो तो छोटो छोटो यशोदा को लाल मेरो है
वो तो प्यारो प्यारों महंगींबा को लाल मेरो है
जय नंदलाला जय गोपाला
गोपाला गोपाला गोपाला
नंदलाला नंदलाला नंदलाला
गोपाला गोपाला गोपाला
गोकुल नगरीं में गैया चरावे
मीठीं मीठीं मुरलीं बजावे
माखन चोरीं के खाये
नंदलाला गोपाला
गोपाला नंदलाला
दुर्योधन का मेवा त्यागे
भुख लगीं प्रभु उठकर भागे
साग विधुर पर खाये नंदलाला
नंदलाला गोपाला
गोपाला नंदलाला
भरीं सभा में द्रोपदीं रोईं
अब तो लाज बचावो मोरीं
चीर पुराने आये नंदलाला
नंदलाला गोपाला
गोपाला नंदलाला

हरि सम जग कछु वस्तु
नहीं प्रेम पंथ सम पंथ।
सतगुरू सम सज्जन नहीं
गीता सम नहीं ग्रंथ।।

नंदलाला गोपाला नंदलाला गोपाला नंदलाला गोपाला
गोपाला नंदलाला गोपाला नंदलाला गोपाला नंदलाला

।। ॐ गुरू।।

भजन - गुरू भजन बिना मिले

गुरू भजन बिना मिले शांति नहीं
जब तक दया दृष्टि नहीं होती उनकी कृपा दृष्टि नहीं होती
जब तक होता ज्ञान नहीं तब तक मिटती भ्रांति नहीं
गुरू भजन बिना मिले शांति नहीं
कहीं जनमों से भटके है इस मोह में फस के अटके है
जो सबसे ज्यादा अपने है ये नजरे उन्हें पहचानती नहीं
गुरू भजन बिना मिले शांति नहीं
गुरूदेव हमें ना तड़पाओ बुलवाओ हमें या खुद आवो
दर्शन को तरसती ये आखे तुम्हे देखे बिना अब मानती नहीं
गुरू भजन बिना मिले शांति नहीं
जो सब घट के वासी है अजर अमर अविनाशी है
व्यर्थ जीवन है उनके बिना गए शरण बिना कोई क्रांति नहीं
गुरू भजन बिना मिले शांति नहीं

भजन - गुरूभक्तों के खुल गये भाग

गुरू भक्तों के खुल गए भाग जब गुरू सेवा मिली ...2
सेवा मिली थी राजा हरिश्चंद्र को ...2
दे दिया राज और ताज जब गुरू सेवा मिली
हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम
आप भी बिके राजा, रानी को भी बेच दिया ...2
बेच दिया रोहित कुमार जब गुरू सेवा मिली
सेवा करी थी भिलनी भक्त ने ...2
प्रभुजी पहुंच गये द्वार जब गुरू सेवा मिली
सेवा में पुत्र पर आरा चला दिया ...2
वो मोरध्वज महाराज जब गुरू सेवा मिली
सेवा करी थी मीरा बाई ने ...2
लोकलाज दीन्हीं उतार जब गुरू सेवा मिली
तुमको भी मौका गुरूजी ने दिया
हम सबको मौका गुरूजी ने दिया
हा जाओ भव से पार जब गुरू सेवा मिली

lnx : d
pj.kdeyk dk vkJ;
yu l ftl vkun
dk vuHko gkrk g
mld vkx f=ykdh
dk lkekT; rPN gA

|| ॐ गुरू ||

भजन - गुरुज्ञान पा लो रे

ॐ
आनंद
ॐ

गुरूज्ञान पा लो रे ब्रह्मज्ञान पा लो
गुरूवर की ज्योति से ज्योत को जला लो
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

गुरूवर की ऑखो में तेज और प्रकाश है
गुरूवर के चरणों में तीर्थो का वास है

ॐ
आनंद
ॐ

गुरूवर की सूरत को मन में बसा लो
गुरूवर की ज्योति से ज्योत को जला लो
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

ॐ
आनंद
ॐ

गुरूवर एक शक्ति है अवतारी व्यक्ति है
गुरूवर की वाणी में सोहम की शक्ति है
ज्ञानदाता गुरूवर है प्राणदाता गुरूवर है

गुरूवर की सेवा को साधना बना लो
गुरूवर की ज्योति से ज्योत को जला लो
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

ॐ
आनंद
ॐ

गुरूवर से कहना की नईया को संभाले
गुरू और गोविंद के भेद को मिटा दो
गुरूवर की ज्योति से ज्योत को जला लो
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

गुरू के पास अभ्यास पूरा करने के बाद भी समग्र जीवनपर्यंत शिष्य को अपने आचार्य के प्रति कृतज्ञता का भाव बनाये रखना चाहिए।

।। ॐ गुरू।।

भजन - गुरू का दिवाना हूं मैं

गुरू का दिवाना हूं मैं
उनको ही चाहता हूं मैं
उनको ही ध्याता हूं, उनको ही मानता हूं
उनके सहारे हूं मैं.....
गुरू के ही दर्शन की प्यास लगी है
गुरू के ही अरचन की आस रखी है
गुरू के सहारे हूं मैं.....
गुरू का दिवाना हूं मैं
गुरू की ही पूजा की लगन लगी है
गुरू की वाणी की ही तड़प जगी है
गुरू के सहारे हूं मैं.....
गुरू का दिवाना हूं मैं
गुरू के चरणनन में शांति और तृप्ति है
गुरू की ही कृपा से ज्योत जगी है
गुरू के सहारे हूं मैं.....
गुरू का दिवाना हूं मैं
गुरूभक्ति सांची है समझ जगी है
गुरू ब्रह्मा विष्णु है करूणा की मूर्ति है
गुरू के सहारे हूं मैं.....
गुरू का दिवाना हूं मैं
उनको ही ध्याता हूं, उनको ही मानता हूं
उनके सहारे हूं मैं.....

प्रत्येक शिष्य सद्गुरू की सेवा करना चाहता है लेकिन अपने ढंग से। सद्गुरू चाहें उस ढंग से सेवा करने को कोई तत्पर नहीं। जो विरला साधक गुरू चाहें उस ढंग से सेवा कर सकता है उसे कोई कमी नहीं रहती। ब्रहमनिष्ठ सद्गुरू की सेवा से उनकी कृपा प्राप्त होती है और उस कृपा से न मिल सके ऐसा तीनों लोकों में कुछ भी नहीं है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - गुरू की महिमा गा ले

गुरू की महिमा गा ले भजन ईश्वर का होगा
घड़ी भर ध्यान लगा ले ईष्ट का दर्शन होगा
खुदको बड़भागी मानो जब गुरू सत्संग मिल जाए
वो घड़ी नरक की जानो सत्संग ना मन को भाए
संत का संग बना ले तभी भगवन को मिलेगा
गुरू की महिमा गा ले भजन ईश्वर का होगा
सतशास्त्र संत और सदगुरू तीनों की महिमा गा लो
गुरूदेव दया कर दे तो भक्त भीतर ब्रह्म को पा ले
चरण रज शीष लगा ले तो सोया भाग्य जगेगा
गुरू की महिमा गा ले भजन ईश्वर का होगा
जब सतसत गुरू का अनुभव तू अपना नहीं बनावे
जो गुरू मुख से सुन पाया उसे जीवन में ना लाए
तू कितना भी ध्यान लगा ले तू तत्व से दूर रहेगा
गुरू की महिमा गा ले भजन ईश्वर का होगा
सदगुणों की महिमा भारी साधक में शोभा पावे
सदगुरू के बिना कर्मो में मीठी खुशबू मीठी ना आवे
ब्रह्म का ज्ञान पचा ले गुरू को भाने लगेगा
गुरू की महिमा गा ले भजन ईश्वर का होगा
कोई दुश्मन नहीं हमारा सृष्टि का सृजनहारा
आनंद मंगल का दाता हर घट की जाननेवाला
तू हा में हा हीं मिला ले वो बाकी खुद कर लेगा
गुरू की महिमा गा ले भजन ईश्वर का होगा

आनंद के लिए बाहर क्यों व्यर्थ खोज करते हो? सदगुरू चरणों के समीप जाओ और शाश्वत सुख का उपभोग करो।

।। ॐ गुरू।।

भजन - गुरू मेरे परमात्मा

गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
तेरे दरस को तरसे आत्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
काम क्रोध ने है भरमाया, राग द्वेष ने है भरमाया
शक्ति दो करू सामना तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
राह दिखावे है अंधियारा, सूझता नहीं कोई किनारा
स्वींकारों ये प्रार्थना तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
तू ही मेरा भाग्यविधाता, हरपल मेरा साथ निभाता
तुझे पहचाने ये आत्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
जो कोई तेरा दर्शन पाए, रामकृष्ण को तुझमें पाए
सर्वव्याप्त तेरीं आत्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
दर्शन के बिन रहा न जाए, प्राण है बस अब कंठ को आए
स्वींकारों ये प्रार्थना तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
दया धर्म का मुझको वर दो, भक्ति से मेरीं झोलीं भर दो
दुखो का करके खात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा
गुरू मेरे परमात्मा तेरे दरस को तरसे आत्मा

चलते हुए, खाते हुए, कार्यालय में काम करते हुए भीं सदैव अपने गुरूमंत्र का मानसिक जप करते रहो।

|| ॐ गुरू ||

भजन - गुरूनाम सहारा मेरा है

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

गुरूनाम सहारा मेरा है गुरूनाम सहारा मेरा है
मेरा और सहारा कोई नहीं मेरा और सहारा कोई नहीं
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
गुरूसेवा सहारा मेरा है गुरूसेवा सहारा मेरा है
गुरूपूजा सहारा मेरा है मेरा और सहारा कोई नहीं
गुरूभक्ति सहारा मेरा है गुरूभक्ति सहारा मेरा है
सदगुरू सहारा मेरा है गुरूदेव गुरूदेव
गुरूमंत्र सहारा मेरा है मेरा और सहारा कोई नहीं
हरे रामा हरे कृष्णा, हरे रामा हरे कृष्णा
गुरूवाणीं सहारा मेरा है गुरूवाणीं सहारा मेरा है
सदगुरू सहारा मेरा है मेरा और सहारा कोई नहीं
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम

शिष्य जब गुरू की सेवा करता हो तब उसे तरंगी नहीं बनना चाहिए।

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

ॐ श्री आत्मदेवाय

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

ॐ श्री आत्मदेवाय नमः

।। ॐ गुरू।।

भजन - गुरूदेव मेरे मन को आकर

गुरूदेव मेरे मन को आकर समझा देना
तेरे हुस्न के पागल को गले से लगा देना
तू शमा मैं परवाना तेरे प्यार में दींवाना
गुरू प्रेमी मस्ताना, गुरू पार लगा देना
गुरू पार लगा देना, एक बार लगा देना
इस डुबतीं नईया को गुरू पार लगा देना
गुरूदेव मेरे मन को आकर समझा देना
हम संसार की चिनगारी कही शोला न बन जाए
निंदक की चिनगारी का कहीं शोला न बन जाए
अब आकर सदगुरू मुझे गम से छुड़ा देना
मुझे गम से छुड़ा देना एक बार छुड़ा देना
इस डुबतीं नईया को गुरू पार लगा देना
गुरूदेव मेरे मन को आकर समझा देना
तेरीं दुनियावालो ने बर्बाद किया हमको
तेरीं मीठीं नजरों ने आबाद किया हमको
इस पागल दुनिया से तेरीं मेरीं छुड़ा देना
तेरीं मेरीं छुड़ा देना एक बार लगा देना
इस डुबतीं नईया को गुरू पार लगा देना
गुरूदेव मेरे मन को आकर समझा देना
तेरीं शरण में आया हूं कुछ पाकर जाउगा
कुछ पाकर जाउगा झोलीं भरकर जाउगा
सारीं दुनिया वालो को गुरू भव से छुड़ा देना
गुरू भव से छुड़ा देना एक बार लगा देना
इस डुबतीं नईया को गुरू पार लगा देना
गुरूदेव मेरे मन को आकर समझा देना

;fn eSa rqEgsa ,d
dkSM+h Hkh u nwA dqN
Hkh 'kkjhfjd lsok u
d:A doy l;kj ls
lPps vkSj lkQ fny
ls rqEgkjs ifr
iwlUurkHkkjh eqLdku
ls g l nw rks rqEgkjk
iQfYyr gksuk
leqUur gksuk vkSj
mij mBuk vfuok;Z
gA bruk ls rqEgkjh
cM+h lsok gks tkrh
gA

।। ॐ गुरू।।

भजन - गुरूजी का दर्शन में

हरे राम
हरे कृष्ण

ओ मने गुरूजी का सत्संग प्यारे लागे रे मा
गुरूजी का दर्शन में जासा हू हो मैया
ओ मने गुरूजी का कीर्तन प्यारे लागे रे मा
गुरूजी का दर्शन में जासा हू हो मैया
भक्ति बढ़ाए वे तो ध्यान लगावे
मन में भक्ति की ज्योति जगावे
हो... वे तो कीर्तन में मस्त करावे रे माँ
गुरूजी का दर्शन में जासां हूं हो मैया
राम मिलन की आस बढ़ाए
प्रभु से मिलन की प्यास जगाए
हो... पे तो हृदय में राम बसावे रे माँ
गुरूजी का दर्शन में जासां हूं हो मैया
जींव को ब्रह्म से वे तो मिलाये
मन में ब्रह्म की ज्योत जगावे
हो... वे तो जींव में शिवत्व जगावे रे माँ
गुरूजी का दर्शन में जासां हूं हो मैया

हरे राम
हरे कृष्ण

गुरू और कोई नहीं है अपितु साधक की उन्नति के लिए विश्व में अवतरित परात्पर जगज्जनी दिव्य माता स्वयं ही है। उनकी अथक सेवा करो वे स्वयं ही आप पर दीक्षा के सर्वश्रेष्ठ आशीर्वाद बरसाएंगे।

|| ॐ गुरू ||

भजन - है वही भाग्यवान जो भगवान को चाहे

है वहीं भाग्यवान जो भगवान को चाहे भगवान को चाहे
हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम
भोगी सदा ही भोग के समान को चाहे
अभिमानी सदा ही अपने सम्मान को चाहे
वह त्यागी तपस्वी भी कीर्तीदान को चाहे
और देव पुजारी भी तो वरदान को चाहे
कोई चाहे कुरान या कुरान को चाहे
है वहीं भाग्यवान जो भगवान को चाहे भगवान को चाहे
हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम
किनते हीं अपने भले बुरे काम में भुले
कुछ नाम में भुले है कोई मान में भुले
कोई हजार लाख जोड़ दाम में भुले
जो रूप के मोहीं है गोरे चाम में भुले
भुले नहीं वो जो दयानिधान को चाहे
है वहीं भाग्यवान जो भगवान को चाहे भगवान को चाहे
हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम हरि हरि ओम

जब तक मनुष्य की भीतरी समझ में परिवर्तन नहीं होता, तब तक डंडे, बन्दूक और कायदों का कितना भी प्रयोग कर लो, आदमी उंचा नहीं उठता है। सत्संग, संयम और नियम से ही मनुष्य महान बनता है।

|| ॐ गुरू ||

भजन - हम तुमको चाहते है. . . .

हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
गुरूवर शरण दे देना वरदान मांगते है ...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
तेरा साथ ये ना छुटे बंधन कभी ना टूटे ...2
तू हीं हमारा अपना बाकीं तो सब है सपना...2
तुमसे ओ मेरे गुरूवर तुमको हीं मांगते है...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
जबसे है तुमको पाया तेरी मिलीं है छाया...2
तबसे हमारे बेरंग जीवन में रंग आया...2
नितदर्शनों का तेरे सौभाग्य मांगते है...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
कैसे तुम्हें रिझाये हम कैसे तुमको पाये...2
तेरे बिंना ये जींवन हमने यू हीं गंवाया...2
अब तो सदा तुम्हारा हीं ध्यान मांगते है...2
अब तो सतत तुम्हारा हीं ध्यान मांगते ह...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
ना है कोई भीं चाहत तुमसे मिलीं है राहत...2
बेचैन मन ने गुरूवर तुमसे करार पाया...2
हम तो तेरीं प्रसन्नता और प्रेम मांगते है...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
अद्भुत है तेरीं भक्ति निरालीं तेरी शक्ति...2
वर्णन करे हम कैसे कुछ भीं ना जानते है...2
हम तुमको जान पाये ऐसीं दृष्टि मांगते है...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2
करूणानिधान गुरूवर तेरा साथ मांगते है...2
गुरूवर शरण दे देना वरदान मांगते है...2
हम तुमको चाहते है हम तुमको मानते है...2

।। ॐ गुरू।।

भजन - हर हाल में खुश रहना

हर हाल में खुश रहना बापु सिखा रहे है
जल में कमल सा रहना बापु सिखा रहे है
सुख दुख में हसना रोना यह काम कायरों का
यह काम कायरों का
दोनों में मुस्कुराना बापू सिखा रहे है
हर हाल में खुश रहना बापु सिखा रहे है
मरने के बाद मुक्ति सब लोग बताते है
सब लोग बताते है
जींतेजीं मुक्त रहना बापू सिखा रहे है
हर हाल में खुश रहना बापु सिखा रहे है
दुनिया के लोग नश्वर धन पाके मुस्कुराये
धन पाके मुस्कुराये
शाश्वत निधि को पाना बापू सिखा रहे है
हर हाल में खुश रहना बापु सिखा रहे है
कर भावना तु ब्रह्म है तु ब्रह्म का हीं अंश है
तू ब्रह्म का हीं अंश है
जन्मे नहीं तू मरता बापु सिखा रहे है
हर हाल में खुश रहना बापु सिखा रहे है

हर हाल खुशी, हरदम खुशी, जब आशिक मस्त फकीर का हुआ तो क्या दिलगिरि बाबा!

।। ॐ गुरू।।

भजन - हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही

हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही
पार करे सबकी नैया मन से भजे कोई
ओम हरि ओम ओम हरि ओम ओम हरि ओम
तेरे चरणनन जींवन अपर्ण
हो जाए हम तेरे दपर्ण
हे सुखकारीं महेश्वर
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही
पूजा तेरीं क्या जानू मैं
कैसे रिझाउ ना जानु मैं
नाथ समझलो अपना
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही
ये जग बंधन बांधता मुझको
तू हीं बचाले थामले मुझको
हे दुखहारीं ईश्वर
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही
तेरीं कृपा से मिल गये गुरूवर
ब्रह्मा विष्णू है वो महेश्वर
ज्ञान के है गंगेश्वर
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही
गुरू रिंझे तो जींवन महके
अंतर मन में फूल है खिलते
हो जाए प्रभु के दर्शन
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही
आतम हीरा गुरू बतलाते
अंतःचक्षु दिव्य बनाते
समतामय जो जीवन
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही

सुख दुख में सम रहना भाई
दृष्टा बनके जींना भाई
गुरूवर ये समझाते
हरि हरि हरि हरि एक हरि तू ही

सदगुरू के चरणकमलों का आश्रय लेने से जिस आनंद का अनुभव होता है उसके आगे त्रिलोकी का साम्राज्य तुच्छ है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - हरि हरि गाएजा

हरि हरि गाएजा बिगड़ी बनाए जा....2
गुरू नाम प्यारा जीवन सहारा है....2
हरि हरि गाएजा बिगड़ी बनाए जा
सच्चा खजाना तो गुरूदर से मिलता है ...2
गुरूवर की किरपा से जीवन ये खिलता है 2
गुरूसेवा करता जा, ध्यान उनका धरता जा
गुरू एक प्यारा है जीवन सहारा है
हरि हरि गाये जा बिगड़ी बनाए जा....2
गुरू द्वार आकर के पाप मिट जाते है
गुरूवाणी से सारे बंधन कट जाते है
प्रीत को बढ़ाता जा, सच्ची शांति पाता जा
गुरूद्वार प्यारा है मुक्ति का द्वारा है
हरि हरि गाये जा बिगड़ी बनाए जा ...2
गुरू एक प्यारा है जीवन सहारा है 2

गुरूदेव हमारे साथ है यह दुनिया को दिखा देगे। मौत को भी जीने का नया अंदाज बता देगें।

।। ॐ गुरू।।

.2.

जीवन का अंधियारा मिटे गुरू ज्ञान से
सच्ची शांति मिलती है गुरूवर के ध्यान से
लगन तू लगाता जा, दोषों को भगाता जा
गुरूनाम प्यारा है जीवन सहारा है
हरि हरि गाये जा बिगड़ी बनाए जा ...2
नश्वर ये रिश्ते सब साथ छोड़ जाते है
फिर दुख की घड़ियों में प्रभु याद आते है
वासना मिटाये जा मोह को घटाये जा
गुरू नाम प्यारा है जीवन सहारा है
हरि हरि गाये जा बिगड़ी बनाए जा ...2
गुरू करते आत्मा के रूप को उजागर है
गुरू भरते सब भक्तो की ये गागर है
गुरूगुण गाता जा किरपा पाता जा
वो ही एक प्यारा है मुक्ति का दाता है
हरि हरि गाये जा बिगड़ी बनाए जा ...2
गुरू ही तो प्राणी की उन्नति का आधार है
गुरू ही भक्तो को करते भवपार है
गुरूनाम ध्याता जा विश्रांति पाता जा
गुरू मंत्र प्यारा है सबका सहारा है
हरि हरि गाये जा बिगड़ी बनाए जा ...2

गुरू के चरणकमलों में आजीवन आत्म-समर्पण करना, यह शिष्यत्व की निशानी है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - ये महफिल है मस्तानों की

हरि हरि ओम बोलो हरि हरि ओम
ये महफिल है मस्तानों की दिलवालों की मतवालों की
इनकी मस्ती का क्या कहना ये हरि भजन का है गहना
हरि हरि ओम बोलो हरि हरि ओम
हो... जब से सदगुरू का नाम लिया हमने गिरतो का थाम लिया
सदगुरू हीं मेरा सहारा है मुझे भव से पार उतारा है
हरि हरि ओम बोलो हरि हरि ओम
हो.. मेरे सांई तारणहार हुए वे कलयुग के अवतार हुए
सारा जग माने सांई को सांई को मेरे सांई को
हरि हरि ओम बोलो हरि हरि ओम
हो... जो प्यार गुरू से करते है वो भवसागर से तरते है
है उनका बेढ़ापार सदा जो सबको करते प्यार सदा
हरि हरि ओम बोलो हरि हरि ओम
हो... वो लीलाशाह के प्यारे है थाउमल के दुलारे है
मॉ महंगीबा के प्यारे है हम सब की आखो के तारे है
हरि हरि ओम बोलो हरि हरि ओम

नारायण हरि

नारायण हरि

नारायण हरि

गुरू की सेवा के दौरान कैसी भी परिस्थितियों में साधक को मिलनेवाला संतोष सदा आनंद और शक्ति देता है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - हरि तुम भक्तन के हितकारी

गुरू ही त्रिनेत्ररहित साक्षात् शिव हैं, दो हाथवाले भगवान विष्णु हैं और एक मुखवाले ब्रह्माजी हैं। – स्कंदपुराण 1/46

हरि तुम भक्तन के हितकारी ... 2
ध्रुव ने वन में करी तपस्या ... 2
गुरूवचन लिये धारी... 2
दरस दिखाये अमर पद दीन्हों...2
जनम मरण दुख तारी... 2
हरि तुम भक्तन के हितकारी ... 2
जब गजराज ग्राह वश कीन्हों... 2
तब हरिनाम पुकारी... 2
गज के फंद छुरावन तारण... 2
आये गरूड सवारी... 2
हरि तुम भक्तन के हितकारी ... 2
द्रौपदी ने जब सुमिरण कीन्हों... 2
बढ़ गये चीर हजारी... 2
हे प्रभु अब मैं शरण में आयो... 2
दीजिये भव जल पारी... 2
हरि तुम भक्तन के हितकारी ... 2
नरसिंह रूप बनाये असूर की... 2
लख से देह बिगाड़ी... 2
हरि तुम भक्तन के हितकारी ... 2
हरि अब राखिये लाज हमारी... 2
मुसाफिर जागते रहना
हे मुसाफिर जागते रहना

।। ॐ गुरू।।

भजन - हे माँ महंगीबा बड़भागी

पृथ्वी सृष्टि की एक अंशमात्र है, ऐसी सृष्टियां भी जिसमें गेंद की भांति खदबदाकर लीन हो जाती है, वह है परब्रहम परमात्मा। ऐसा परब्रहम परमात्मा, जिसका पुत्र बनने को राजी हो जाता है, ऐसी महिमावान माताओं का वर्णन भला कौन कर सकता है? ऐसी महिमावान माताएं है, श्री रामचंद्रजी की माता कौशल्याजी, श्री कृष्णजी की माता देवकीजी, भगवान कपिलमुनि की माता देवहुति और प्रातः स्मरणीय पुज्यपाद सदगुरू साईं आसारामजी बापू की माता श्री श्री मां महंगीबा। ऐसी जगत जननी को पाकर पृथ्वी की भी शोभी बढ़ती है। इस युग की ऐसी माता श्री श्री परम पूज्यनीय मां मंहगीबा को हमारे अनंत कोटि प्रणाम।

हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
ऐसो लाल जनायो खुद ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
जो भूमि का भार उठाए उसे तूने गोद खिलायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
जो सृष्टि का पालनहारा उसे तूने दूध पिलायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
योगी जिनको पकड़ न पाए तूने अंगूली पकड़ चलायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
भारत का ए संत दुलारा हम सबका है सदगुरू प्यारा
लाखों का तारणहारा रे माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
पारब्रह्म परमेश्वर है जो तूने पुत्र रूप में पायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो, हमने गुरूरूप में पायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
श्वास श्वास में वेद है जिनके लीलाशाह गुरू बनायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
जिसका ना कोई नाम रूप है आसाराम नाम कहायो रे
माँ ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो
ऐसो लाल जनायो खुद ब्रह्म तेरे घर आयो
हे माँ महगींबा बड़भागी तू जो ऐसो लाल जनायो

मां तो है मां, मां जैसी दुनिया में कोई नहीं कहां।

।। ॐ गुरू ।।

भजन - हे नाथ अब तो ऐसी दया हो

गुरू मनुष्य के रूप में साक्षात् ईश्वर ही हैं।

हे नाथ अब तो ऐसी दया हो
जीवन निरर्थक जाने ना पाए
हे नाथ अब तो ऐसी दया हो
वह योग्यता दो सेवा करें हम
कष्टों के सम्मुख धीरज धरे हम
अपना हृदय सदगुण से भरे हम
मन में ना कोई दुर्भाव आए
हे नाथ अब तो ऐसी दया हो
जीवन निरर्थक जाने ना पाए
ऐसा जगा दो फिर सो ना पाए
अपने को निष्काम प्रेमी बनाए
संसार का कुछ भय रहे न जाए
हे नाथ अब तो ऐसी दया हो
जीवन निरर्थक जाने ना पाए

गुरू मनुष्य के रूप में साक्षात् ईश्वर ही हैं।

गुरू में संपूर्ण श्रद्धा रखो और अपने–आपको पूर्णतः गुरू की शरण में ले जाओ। वे आपकी निगरानी करेंगे। इससे सब भय, अवरोध एवं कष्ट पूर्णतः नष्ट होंगे।

|| ॐ गुरू ||

भजन - हे सदगुरू भगवान

हे सदगुरू भगवान तुमको बारंबार प्रणाम है
सत्‌चित्त आनंद धाम तुमको बारंबार प्रणाम है
जो अखंड अविनाशी ईश्वर सारे जग में समाया है
उस बिछड़े तारे से मिलाने तू धरती पर आया है
है तेरे अनोखे काम तुझको बारंबार प्रणाम है
ये संसार है वृक्ष निराला जो भी इस पर चढ़ते है
विषयों के फल खाते खाते नर्क कुंड में गिरते है
बस तू ही बचाए जान तुमको बारंबार प्रणाम है
हर कोई हैरान यहा है दुनियारूपी जंगल में
फंसा हुआ हर कोई यहा पर माया के इस दलदल में
तुम करते मुक्ति प्रदान तुमको बारंबार प्रणाम है
जब दुनिया दुश्मन बन जाती विकट परिस्थिति आ जाती
उस दुखदायी घड़ियों में एक तू ही निर्मल साथी है
देता शांती आराम तुमको बारंबार प्रणाम है
तीनो तापों की अग्नि में झुलस रहा संसार है
घोर अशांति छ्रा सुझे ना कोई उपचार है
है चंदन तेरा ज्ञान तुमको बारंबार प्रणाम है

जो व्यक्ति अपने गुरू के चरणकमलों की पवित्र धूलि को अपने ललाट पर लगाता है, उसका हृदय शीघ्र पवित्र बनता है।

|| ॐ गुरू ||

भजन - हिम्मत ना हारिये

हिम्मत ना हारिये प्रभु ना विसारिये 2
हसते मुस्कुराते हुए जिंदगी गुजारिये ...2
काम ऐसे कींजिए कीं जिनसे हो सबका भला
बाते ऐसे कींजिए जिनमें हो अमृत भरा
मींठीं बोलीं बोल सबको प्रेम से पुकारिये
कड़वे बोल बोलके न जिंदगी बिगाड़िये
हसते मुस्कुराते हुए जिंदगी गुजारिये ...2
अच्छे कर्म करते हुए दुख भीं अगर पा रहे है
पिछले पापकर्म का भुगतान वो भुगता रहे है
सदगुरू कीं भक्ति करके पाप को मिटाइये
गलतियों से बचते हुए साधना बढ़ाईये
गलतियों से बचते हुए भक्ति बढ़ाईये
हिम्मत ना हार हिम्मत ना हार
बापू तेरे साथ प्यारे हिम्मत ना हार
ह्दय कीं किताब पर ये बात लिख लिजिए
बंनके सच्चे भक्त सच्चे दिल से अमल कींजिए
करके अमल बनके कमल तरिये और तारिये
जग में जगमगाते हुए जिंदगी गुजारिये
मुश्किलों मुसीबतो का करना हो जा खात्मा
हर समय ये कहना तेरा शुक्र है परमात्मा
फरियादे करके अपना हाल ना बिगाड़िये
जैसे प्रभु राखे वैसे जिंदगी गुजारिये
हिम्मत ना हार हिम्मत ना हार
बापू तेरे साथ प्यारे हिम्मत ना हार

तुम ही हो ब्रह्मा विष्णु महेश
आये हो लेकर बापू का वेश
तुम ही मेरे राम हो, तुम ही मेरे श्याम हो
तुम ही मेरे तीरथ, तुम ही चारो धाम हो
तुम ही मेरी जिंदगी, तुम ही विराम हो

भजन - हो गयी रहमत तेरी

हो गयी रहमत तेरी सदगुरू रहमत छा गयी
देखते ही देखते आखों में मस्ती छा गयी
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
गम मेरे सब मिट गये और मिट गये रजो अलम
जब से देखी है तेरी दीदार ए मेरे सनम
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
आंख तेरी ने पिलाई है मुझे ऐसी शराब
बेखुदी में मस्त हूं उठ गये सारे हिजाब
हो गयी रहमत तेरी सदगुरू रहमत छा गयी
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
मस्त करती जा रही शक्ल नुरानी तेरी
कुछ पता सा दे रही आंख मस्तानी तेरी
हो गयी रहमत तेरी सदगुरू रहमत छा गयी
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
अब तो जीउंगा मैं दुनिया में तेरा ही नाम ले
आ जरा नैनो के सद के मुझको सदगुरू थाम ले
हो गयी रहमत तेरी सदगुरू रहमत छा गयी
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम

सदैव सम और प्रसन्न रहना ईश्वर की सर्वोपरि भक्ति है।

गुरू के द्वारा चाहे जैसा भोजन, कपड़े एवं निवास प्राप्त हों उनसे शिष्य को संतोष करना चाहिए। अपने सच्चे मन एवं हृदय से गुरू की सेवा में तत्पर रहना चाहिए।

|| ॐ गुरू ||

भजन - होगा आत्मज्ञान वो

होगा आत्मज्ञान वो दिन कब आएंगे
मिटे भ्रम अज्ञान वो दिंन कब आएंगे
सदगुरू देव कृपा करेंगे भव बंधन से पार करेंगे
बालक अपना ध्यान वो दिंन कब आएंगे
मिटे भ्रम अज्ञान वो दिंन कब आएंगे
गुरूकृपा का बन अधिकारी गाए सदगुरू महिमा प्यारी
कर चरणों का ध्यान वो दिंन कब आऐंगे
मिटे भ्रम अज्ञान वो दिंन कब आएंगे
जब जब आना पड़े जगत में बनीं रहीं ऋतु सत संगत में
सुमिरन हो गुरूनाम वो दिंन कब आऐंगे
मिटे भ्रम अज्ञान वो दिंन कब आएंगे
बार बार इस जग में आउं सदगुरू सेवा कर्ज चुकाउं
सब के आउ काम वो दिंन कब आऐंगे

मिटे भ्रम अज्ञान वो दिंन कब आऐंगे
जब जब चर्चा हो ईश्वर कीं आवे याद मुझे गुरूवर कीं
पल में लग जाए ध्यान वो दिंन कब आऐंगे
मिटे भ्रम अज्ञान वो दिंन कब आएंगे

गुरूकृपा से ही मनुष्य को जीवन का सच्चा उद्देश्य समझ में आता है और आत्मसाक्षातकार करने की प्रबल आकांक्षा उत्पन्न होती है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - हम आपके हुए...

हम आपके हुए गुरूवर स्वींकार लेना।
नश्वर जग में उलझे हुए है, हमको उभार लेना।
हम आपके हुए....................
झुठे है रिश्ते–नाते कुछ काम में न आते।
माया के सब खिलौने है जाल में फंसाते।
बार बार हम उलझ रहे है जींवन का सार देना।
हम आपके हुए....................
विषयों ने मुझको घेरा मैं तो उलझ रहा था।
पींछे लगीं थीं माया, माया में फंस रहा था।
गुरूद्वारे मैं अब हुं आया दुगुर्ण को मार देना।
हम आपके हुए....................
चाहे जगत ये छुटे गुरूनाम कीं लगन हो।
नश्वर का साथ छुटे गुरूप्रेम कीं अगन हो।
मैं तो चाहु गुरूभक्ति को, झोलीं में डाल देना।
हम आपके हुए....................
तुम तो हो कृष्णा मेरे, मेरे राम भीं तुम्हीं हो।
तींरथ मुझे क्या करना, सब देवता तुम्हीं हो।
हो पूरण मेरे प्यारे गुरूवर अपना बनाये रखना।
हम आपके हुए....................
अंधकार से भरा था निगुरा जींया था जींवन।
मैं तो भटक रहा था, भटका हुआ था ये मन।
मेरे इस दोषीं मन को गुरूवर अब तुम संवार लेना।
हम आपके हुए....................
कृपा है तेरीं गुरूवर मुझको शरण लिया है।
मैं तो रहा अनाड़ीं अपना बना लिया है।
हे मेरे गुरूवर मैं क्या गुण गाउ वंदन स्वींकार लेना

किसी भी प्रकार के फल की अपेक्षा से रहित होकर गुरू की सेवा करना, यह सर्वोच्च साधना है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - इतनी शक्ति मुझे दो मेरे औलिया

इतनी शक्ति मुझे दो मेरे औलिया
तेरे भक्ति में खुद को मिटाता चलु
चाहे राहो में कितनी मुसीबत पड़े
फिर भी तेरा सदा गीत गाता चलु
इतनी शक्ति मुझे दो मेरे औलिया
दूसरों की मदद की जरूरत नहीं
मुझकों केवल तुम्हारी मदद चाहिए
मुझको केवल तुम्हारी मदद चाहिए
लड़खड़ाए न मेरे कदम राह में
नाम का डंका तेरे बजाता चलू
इतनी शक्ति मुझे दो मेरे औलिया
नाव बोझिल मेरी पूर्व के पाप से
खो न जाउ यहीं डर सताता मुझे
खो न जाउ यहीं डर सताता मुझे
इतना वरदान दे दो मेरे देवता
खुद भी जागु जगत को जगाता चलू
इतनी शक्ति मुझे दो मेरे औलिया
मेरे जैसे अनेको मिलेंगे तुम्हे
पर हमारे लिए तो तुम्ही एक हो
पर हमारे लिए तो तुम्ही एक हो
धूल चरणों की मिलती रहे उम्र भर
तेरे राहों में खुद को मिटाता चलू
इतनी शक्ति मुझे दो मेरे औलिया

सदगुरू के पूज्य चरणों में आश्रय लेना ही सच्चा जीवन है। जीवन जीने की सही रीती है।

|| ॐ गुरू ||

भजन - जब से आए शरण गुरु की

गुरूकृपा ने मुझको दीवाना बनाया है
गुरूदीक्षा ने मुझको मस्ताना बनाया है
कभी घुमते थे बनके माया के दीवाने
गुरू सत्संग ने हमको शंहशाह बनाया है
जब से आए शरण में गुरू की आतममस्ती सी छाने लगी है
गुरूनाम के बने है दीवाने आशिकी हम पे छाने लगी है
जब से आए शरण में गुरू की आतममस्ती सी छाने लगी है
जिनको पहले भी करते थे सुमिरन पूजा वंदन भी करते थे लेकिन
जब से ध्यान सिखाया गुरू ने भक्ति में मस्ती आने लगी है
जब से आए शरण में गुरू की आतममस्ती सी छाने लगी है
जिसको ढूंढा था कभी मंदिरों में जिसको खोजा था कभी तीर्थो में
गुरूकृपा से मनमंदिर में उसकी झलके तो आने लगी है
जब से आए शरण में गुरू की आतममस्ती सी छाने लगी है
गीता रामायण यू तो पढ़ी थी लेकिन जीवन में उतरी नहीं थी
जब से सुन ली गुरूजी की वाणी वो प्रसादी भी आने लगी है
जब से आए शरण में गुरू की आतममस्ती सी छाने लगी है
गुरूभक्तों को मिलता सहारा गुरूकृपा से मिलता वो प्यारा
दास मनोज पे गुरू कृपा कर दो अपने भक्तों पे गुरूकृपा कर दो
अब तो याद सताने लगी है
जब से आए शरण में गुरू की आतममस्ती सी छाने लगी है
जय गुरूदेवा जय सदगुरूदेवा निज चरणों की दे दो सेवा
अपने चरणों की दे दो सेवा
अपना बना लो मुझे ओ गुरूदेवा, प्यारे मिला दे मुझे ओ गुरूदेवा

हर एक कर्म में दुःख के बीज समाविष्ट हैं किंतु गुरु की सेवा के विषय में ऐसा नहीं है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - जय हो गुरूजी के ज्ञान की

जय हो गुरूजी के ज्ञान की
जय हो सदगुरू भगवान की
सेवा से बढ़कर ना साधना है कोई
ये कुंजीं है भजन और ज्ञान की
जय हो सदगुरू भगवान की
अब तो उठो जागो कब तक है सोना
कुछ सोचो अपने कल्याण की
जय हो सदगुरू भगवान की
अनमोल जींवन है यू ही ना खोना
इच्छा ना कर झुठी शान की
जय हो सदगुरू भगवान की
देवो से मांगो ना नश्वर की दौलत
सदगुरू से मांगो ना नश्वर की दौलत
लो दीक्षा सदगुरू से राम की
जय हो सदगुरू भगवान की
भोगों कों मांगने से भक्ति ना होगीं
सूक्ष्म गति कर ले तू प्राण की
जय हो सदगुरू भगवान की
बापू हमारे जगाने को आए
सदगुरू हमारे जगाने को आए
ध्वजा लेके हरिं ओम नाम की
जय हो सदगुरू भगवान की
हरिं ओम गुंजन से चित्त को चैतन्य करो
माला जपो राम नाम की
जय हो सदगुरू भगवान की

अंहकार ऐसा है कि इसे चाहिए, चाहिए और चाहिए ... कभी इसका पेट भरता नहीं और प्रेम ऐसा है कि कुछ भी नहीं होते हुए भी दिये बिना रहा जाता नहीं।

।। ॐ गुरू।।

भजन - जानेवाले एक संदेशा

ॐ प्रभुजी ॐ

जानेवाला एक संदेशा गुरूवर से तुम कह देना
भक्त तुम्हारा याद में रोए उसको दर्शन दे देना
जिसको गुरूवर दर पे बुलाते किस्मत वाले होते है
जो उनसे कभी मिल नहीं पाते छुप छुप करके रोते है
जितनी परीक्षा ली है मेरी और किसी की ना लेना
भक्त तुम्हारा याद में रोए उसको दर्शन दे देना
तूने कौन सा पूण्य किया है दर पे तुझे बुलाया है
मैंने कौन सा पाप किया है दिल से मुझे भुलाया है
एक बार मुझे दर पे बुला दे इतनी कृपा करके कह देना
भक्त तुम्हारा याद में रोए उसको दर्शन दे देना
मुझको ये विश्वास है दिल में मेरा बुलावा आएगा
सदगुरू मुझको दर्शन देकर अपने गले लगाएगा
उनसे जाकर इतना कहना मेरा भरोसा टूटेना
भक्त तुम्हारा याद में रोए उसको दर्शन दे देना
कहना उनसे मन मंदिर में मैंने उन्हें बिठाया है
गुरूरूप में पार ब्रह्म को अब तो मैंने पाया है
आशा केवल एक यही है मुक्ति मार्ग दिखला देना
भक्त तुम्हारा याद में रोए उसको दर्शन दे देना

भूतकाल पर खिन्न हुए बिना भविष्य की चिंता किये बिना वर्तमान में कार्य करो। यह भाव आपको हर अवस्था में प्रसन्न रखेगा। हमें जो कुछ प्राप्त है उसका सदुपयोग ही अधिक प्रकाश पाने का साधन होगा।

।। ॐ गुरू।।

भजन - जीवन का भरोसा नहीं

राम हरि राम हरि राम हरि राम हरि

जीवन का भरोसा नहीं कब मौत आ जाएगी
काया और माया तेरी तेरे साथ न जाएगी
काया पे तु गुमान न कर ये तो माटी का खिलौना है
जहा तेरा होना नहीं लिखा भाग्य का होना है
काया और माया तेरी तेरे साथ न जाएगी
जीवन का भरोसा नहीं कब मौत आ जाएगी
दौलत पे तू गुमान न कर ये तो हाथ का मैला है
राजा है तो रंक कोई सब किस्मत का खेला है
दुखी है माया नगरी सब पल में पलट जाएगी
काया और माया तेरी तेरे साथ न जाएगी
जीवन का भरोसा नहीं कब मौत आ जाएगी
दो दिन का मेला है सब माया का खेला है
जाए नहीं साथ कोई तुझे जाना अकेला है
पलक झपकते ही दुनिया तुझे ठुकराएगी
काया और माया तेरी तेरे साथ न जाएगी
जीवन का भरोसा नहीं कब मौत आ जाएगी
रिश्तो मे भरोसा न कर दुनिया से तु आशा न कर
तैरना है तो भवसागर गुरूजी का तू सुमिरन कर
भक्ति की शक्ति से जीवन नईया फिर जाएगी
काया और माया तेरी तेरे साथ न जाएगी
जीवन का भरोसा नहीं कब मौत आ जाएगी

राम हरि राम हरि राम हरि राम हरि

अपने गुरू के प्रति अदा की हुई सेवा नैतिक फर्ज है, आध्यात्मिक टॉनिक है। उससे मन एवं हदय दैवी गुणों से भरपूर बनते है, पुष्ट बनते है।

।। ॐ गुरू।।

भजन - जिसने हरि का नाम लिया

जिसने हरि का नाम लिया वो तर गया भव से पार
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम
नारायण, नारायण भज तू, नारायण आधार
नर नर में नारायण बसते, वो हीं तारणहार
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम
नारायण का रूप गुरू है, सदगुरू दींनदयाल
करते सबको आप समाना, सदगुरू तारणहार
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम
नारायण नारायण जपते, नारद वींणाहार
नारायण कहते कहलाते, देते भक्ति अपार
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम
नारायण जिस जिसने गाया, पहुंचा हरि के धाम
नारायण बिन मुक्ति नहीं है, गाते वेद पुराण
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम
नारायण कीं कृपा से हीं जन्म्यों भक्त प्रहलाद
दानव घर भक्ति का दर्शन, प्रकटे श्रीं भगवान
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम
नारायण जप पाप को काटे, पूण्य बड़े है अपार
तनमन से नारायण भजले, सेवा कर निष्काम
भजले नारायण का नाम, तू भजले नारायण का नाम

अपना गुरूमंत्र अथवा गुरू का पवित्र नाम हररोज एक घंटे तक स्वच्छ नोटबुक में लिखो।

।। ॐ गुरू।।

भजन - जो शरण गुरू की आया

सुख का साथी जगत सब दुख का ना हीं कोय
दुख का साथी सांईया दाधु सदगुरू होय
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
जो शरण गुरू की आया इहलोक सुखी परलोक सुखी
जिसने गुरू ज्ञान पचाया इहलोक सुखी परलोक सुखी
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
रामायण में शिवजी कहते, भागवद् में सुखदेवजी कहते
गुरूवाणी में नानकजी कहते जपो संत संग्राम
इहलोक सुखी परलोक सुखी
हरि ओम हरि ओम हरि ओम हरि ओम
चिंता और भय सब मिट जाए, दुर्गुण दोष सभी छुट जाए
